दिनांक 14 जनवरी 2021

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लेकर , प्राप्त कर सकते हैं पुरस्कार -स्वच्छता सर्वेक्षण में भिलाई निगम को नंबर वन बनाने के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता में सम्मिलित होने-अपील

भिलाईनगर/ स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत वृहद आईईसी गतिविधियों का आयोजन ऑनलाइन प्रतियोगिता के माध्यम से किया जा रहा है। राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा इसके लिए निर्देश जारी किए गए हैं! निगम भिलाई क्षेत्र के कोई भी नागरिक www.1CG.in पर पंजीयन कर विभिन्न प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। ऑनलाइन प्रतियोगिता शुरू हो चुकी है जिसमें ड्राइंग , क्विज, स्वच्छता चैम्पियन, स्वच्छ संस्थान जैसे विषयों पर आधारित फोटो एवं विडियों अपलोड कर पुरस्कार जीत सकते हैं। ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 18 जनवरी नियत की गई है! इसलिए निगम प्रशासन आम जनता से अपील करता है कि स्वच्छ सर्वेक्षण की ऑनलाइन प्रतियोगिता में अधिक से अधिक भाग लेकर भिलाई निगम को नंबर वन बनाने में मदद करें , साथ ही विजयी प्रतिभागी पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं! भिलाई निगम में स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की तैयारियां तेजी से चल रही है। शहर की सड़कें, नालियां और शौचालयों की सफाई के लिए अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। आम नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न आयोजन प्रतिवर्ष किए जाते रहे है , परंतु कोरोना कॉल को देखते हुए इस वर्ष विभिन्न तरह के आयोजनों को राज्य शहरी विकास अभिकरण ने ऑनलाइन कराने के निर्देश जारी किए गए है। ऑनलाइन प्रतियोगिता के माध्यम से गोधन न्याय योजना के तहत आत्मनिर्भर की कहानी , अपने क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति श्रेष्ठ कार्य करने वाले, स्वच्छ संस्थान, स्वच्छता एवं कोविड 19 से संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले संस्थानों/ एनजीओ/ उद्यमी, अपने क्षेत्र में स्वच्छता के लिए उठाए गए कदम से आए बदलाव की कहानी जैसे विषयों पर आधारित फोटो एवं शब्दों को वेबसाइट पर अपलोड करना होगा।

जनसम्पर्क अधिकारी